पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में आयोजित हुई 'श्री अन्न-मिलेट्स' से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता

राज्यपाल जी ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र के साथ प्रदान किए मिलेट्स के बैग और पुस्तक

देश में खाने-पीने में सहभागिता की संस्कृति है, मिलेट्स के व्यंजनों को बनाएं और खिलाएं

किताबें पढ़ने की आदत बनाएं, राजभवन की लाइब्रेरी का उपयोग करें

स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, मार्निंग वॉक के लिए राजभवन खुला है
-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ: 26 जनवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में 24 जनवरी को ''उत्तर प्रदेश दिवस'' के अवसर पर कार्यक्रमों के क्रम में 'श्री अन्न' से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारी, कर्मचारियों के अतिरिक्त यहाँ के राज्य विश्वविद्यालयों की शिक्षिकाओं, महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई, जिसे बच्चों के लिए, युवाओं के लिए, गर्भवती महिलाओं के लिए तथा वृद्धजनों के लिए 'श्री अन्न' से बने व्यंजनों के वर्ग में विभाजित किया।

प्रतियोगिता में 73 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सर्वाधिक प्रतियोगियों ने बच्चों के लिए व्यंजन वर्ग में प्रतिभाग किया। राज्यपाल जी ने सम्पूर्ण प्रतियोगिता में 09 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया, जिसमें बच्चों के वर्ग में 03 पुरस्कार, युवाओं के वर्ग में 02 पुरस्कार, गर्भवती महिलाओं के वर्ग में 01 पुरस्कार तथा वृद्धावस्था वर्ग के लिए 03 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेेणी से नवाजे गए ये पुरस्कार 12 सदस्यीय विशेषज्ञ निर्णायक मंडल के निर्णय पर प्रदान किए गए। राज्यपाल जी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र के साथ एक पुस्तक और 'श्री अन्न-मिलेट्स' का बैग भी प्रदान किया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आयोजन में हिस्सा लेने के लिए उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि देश में आपस में साथ बैठकार, खाने-पीने की एक साझा संस्कृति है, । आप सब जब भी 'श्री अन्न' के व्यंजन बनाएं तो आपस में खिलाएं। उन्होंने इसी प्रसंग में गुजरात के अपनी मित्रवत संस्कृति में थोड़े में भी आपस में बांट कर खिलाने-पिलाने के चलन की सामाजिक व्यवहारिकता के बारे में भी बताया। राज्यपाल जी ने प्रतिभागियों को किताबे पढ़ने की आदत को विकसित करने, स्वस्थ जीवन शैली के लिए मॉर्निंग वाक करने जैसी चर्चाएं भी कीं। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे राजभवन की लाइब्रेरी का उपयोग अपनी पुस्तक लाकर या पुस्तकालय से लेकर पढ़ने के लिए कर सकते हैं। प्रतिभागी मार्निंग वॉक के लिए भी राजभवन आ सकते हैं। राजभवन जनता के लिए भी है, जन-जन का है।

प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को राजभवन में गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करने अवसर भी प्राप्त हुआ। उनके साथ प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र , अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ,मुख्यमंत्री सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी जी भी मौजूद रहे।

यहाँ बताते चले कि राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने इससे पूर्व भी वर्ष-2022 में मोटे अनाज 'श्री अन्न' के व्यंजन बनाकर संयुक्त रूप से राजभवन में एक आयोजन कर इसके स्वाद साझा किए थे। सभी सहकर्मियों को इन व्यंजनों की विविध स्वादिष्ट रेसिपी की जानकारी भी मिली और स्वाद भी। उसके बाद आज राज्यपाल जी की प्रेरणा से एक बार फिर इस आयोजन को वृहद स्तर पर आयोजित किया गया है।

डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र- 8318116361

श्री अन्न प्रतियोगिता
एवं
पुरस्कार वितरण
राजभवन